दिनांक- 12.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 346/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना/कार्यालयों पर व्यापक स्वच्छता एवं शस्त्र रख-रखाव अभियान संचालित, स्वच्छता का दिया गया संदेश

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों, कार्यालयों एवं पुलिस बैरकों में स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।
- उक्त अभियान के अंतर्गत सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना परिसरों, कार्यालयों, बैरकों, शस्त्रागारों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे।
- निर्देशों के अनुपालन में जनपद के सभी थानों द्वारा समन्वित रूप से अभियान चलाते हुए थाना परिसर, आवासीय बैरकों, कार्यालय कक्षों एवं सार्वजनिक स्थलों की व्यापक साफ-सफाई की गई। साथ ही शस्त्रों की विधिवत साफ-सफाई एवं रख-रखाव सुनिश्चित करते हुए उनकी कार्यक्षमता को बनाए रखने हेतु आवश्यक निरीक्षण भी किया गया।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पुलिस परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखना, कर्मियों में अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना तथा कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण स्थापित करना है।
- महोबा पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि स्वच्छता एवं रख-रखाव के मानकों का निरंतर पालन किया जाए, जिससे जनपद में बेहतर पुलिसिंग के साथ-साथ एक अनुशासित एवं प्रभावी कार्यसंस्कृति विकसित हो सके।

☞ स्वच्छता, अनुशासन एवं तत्परता—महोबा पुलिस जनसेवा एवं सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।



दिनांक- 12.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 347/26

# महोबा पुलिस

## मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महोबा पुलिस का जनपदव्यापी "बहू–बेटी सम्मेलन", महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन का संदेश

### "सशक्त नारी – सुरक्षित समाज" के संकल्प के साथ महोबा पुलिस का व्यापक जागरूकता अभियान

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के मार्गदर्शन में आज दिनांक 12.07.2026 को मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थाना क्षेत्रों में वृहद स्तर पर "बहू–बेटी सम्मेलन" का आयोजन किया गया।

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत एसओपी के अनुपालन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाओं, बहुओं, बालिकाओं, छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, आशा बहुओं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, जनप्रतिनिधियों एवं सम्मानित नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें समाज में महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों—नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन—के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

सम्मेलन के दौरान महिलाओं को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम एवं महिला उत्पीड़न से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया।

युवतियों एवं छात्राओं को शिक्षा के महत्व, आत्मरक्षा, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास, सुरक्षित भविष्य निर्माण एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग के संबंध में विशेष रूप से जागरूक किया गया। उन्हें साइबर अपराध, ब्लैकमेलिंग एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया।

साइबर जागरूकता के अंतर्गत महिलाओं को OTP, बैंक खाता विवरण, ATM/CVV, UPI PIN एवं पासवर्ड साझा न करने, फर्जी कॉल/मैसेज/लिंक से सावधान रहने एवं साइबर अपराध होने पर 1930 हेल्पलाइन एवं निकटतम थाना/साइबर सेल से संपर्क करने हेतु जागरूक किया गया।

इसके अतिरिक्त शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं—मिशन शक्ति, महिला हेल्प डेस्क, कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, वन स्टॉप सेंटर, उज्ज्वला योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना—के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही 112, 1090, 181, 1098, 1930, 1076, 102 एवं 108 हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा यह विश्वास दिलाया गया कि महिला सुरक्षा एवं सम्मान के लिए महोबा पुलिस सदैव प्रतिबद्ध है और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है।

कार्यक्रम के समापन पर सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक रहने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने, आत्मनिर्भर बनने एवं किसी भी आपात स्थिति में बिना किसी झिझक के पुलिस एवं हेल्पलाइन सेवाओं से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।





**महोबा पुलिस**

दिनांक- 12.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 348/26

# पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत महोबा पुलिस का व्यापक अभियान, जनपद के समस्त थानों पर हुआ वृहद स्तर पर पौधारोपण।

आज दिनांक 12.07.2026 को "वृक्षारोपण महायज्ञ-2026" के अंतर्गत "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य वृक्षारोपण कार्यक्रम नाग देवता मंदिर, गोरखगिरि पहाड़ी के पास, पुलिस लाइन रोड, महोबा में आयोजित हुआ, जहां पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा स्वयं वृक्षारोपण कर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को अधिकाधिक पौधारोपण एवं उनके संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड द्वारा पुलिस लाइन महोबा परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया।

साथ ही क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार सिंह द्वारा ग्राम लाडपुर, तहसील कुलपहाड़ में उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ के साथ संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया गया। इसके अतिरिक्त थाना परिसर कुलपहाड़ में भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिकाधिक पौधारोपण करने एवं उनकी देखभाल सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे स्वच्छ एवं हरित वातावरण का निर्माण किया जा सके।

उक्त अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों एवं चौकियों पर भी व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जनभागीदारी को भी प्रोत्साहन मिला।

महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि एवं आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य हेतु एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्थापित हो रहा है।





महोबा पुलिस

दिनांक- 12.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 349/26

## साइबर थाना जनपद महोबा

## CyVAJRA अभियान के तहत महोबा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 53 लाख से अधिक के साइबर फ्रॉड गिरोह का पर्दाफाश, 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़/साइबर श्री अनुरुद्ध कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद में संचालित CyVAJRA अभियान के अंतर्गत साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जनपदीय साइबर क्राइम पुलिस टीम, सर्विलांश एवं SOG टीम द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में वादी मुकदमा श्री शिवम सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी मोहल्ला राय सिंह, कस्बा व थाना खरेला, जनपद महोबा द्वारा सूचना दी गई कि गांव के सोनू सिंह द्वारा अपनी माँ के इलाज के नाम पर उनसे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं नई सिम लेकर एक्सिस बैंक में खाता खुलवाया गया तथा खाते से संबंधित पासबुक, एटीएम, हस्ताक्षरित चेक व सिम अपने पास रखकर उक्त खाते का दुरुपयोग करते हुए साइबर फ्रॉड के माध्यम से लगभग 22 लाख रुपये का अवैध लेनदेन किया गया।

उक्त सूचना के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस थाना महोबा पर मु0अ0सं0 03/2026 धारा 111, 318(4), 317(5) BNS व 66D IT Act के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि यह एक संगठित गिरोह है, जिसके द्वारा अब तक लगभग 53 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी की जा चुकी है, जिसकी राशि और अधिक होने की संभावना है।

जांच के दौरान 03 बैंक खातों को फ्रीज कराया जा रहा है तथा 06 अन्य खातों की जांच की जा रही है। जांच पूर्ण होने के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक 12.07.2026 को मुखबिर की सूचना पर सम्बन्धित अभियोग में 02 नफर वांछित अभियुक्तों क्रमशः 1. सोनू सिंह पुत्र हरेन्द्र सिंह निवासी सादराय 3, कस्बा व थाना खरेला, जनपद महोबा 2. महेन्द्र उर्फ बाबू यदुवंशी पुत्र मोहनलाल निवासी बंगरा छक्कीडेरा, थाना जलालपुर, जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार किया गया।

### बरामदगी विवरण:

अभियुक्तों के कब्जे से 02 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। जांच करने पर मोबाइल में संदिग्ध व्यक्तियों के साथ व्हाट्सएप व टेलीग्राम पर चैट, कॉल विवरण एवं साइबर लेनदेन से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही कुछ संदिग्ध एटीएम कार्ड, चेकबुक एवं QR कोड भी पाए गए हैं।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:

1. प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह, साइबर क्राइम थाना महोबा
2. निरीक्षक उपेन्द्रनाथ राय, साइबर क्राइम थाना महोबा
3. SOG/स्वाट प्रभारी उ0नि0 शिवप्रताप सिंह मय टीम
4. सर्विलांश प्रभारी उ0नि0 विवेक कुमार मय टीम

महोबा पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी तथा आमजन से अपील की जाती है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध कॉल, लिंक या लेनदेन से सतर्क रहें एवं तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें।



**दिनांक- 12.07.2026**

**प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 350/26**

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी- थाना चरखारी

## थाना चरखारी पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 12.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना चरखारी श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा मय हमराह हे0कां0 बृजेन्द्र सिंह भदौरिया व रि0कां0 रविन्द्र सरोज के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त आसवेन्द्र सिंह यादव पुत्र प्राण सिंह यादव उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम स्वासामाफ थाना चरखारी जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये ग्राम सूपा थाना चरखारी जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 150/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।।

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

आसवेन्द्र सिंह यादव पुत्र प्राण सिंह यादव उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम स्वासामाफ थाना चरखारी जनपद महोबा

**बरामदगी –**

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा
2. हे0कां0 बृजेन्द्र सिंह भदौरिया
3. रि0कां0 रविन्द्र सरोज



दिनांक- 12.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 351/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी- थाना चरखारी

## थाना चरखारी पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 12.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना चरखारी श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित उ0नि0 हार्दिक सिंह मय हमराह कां0 लोकेन्द्र प्रताप सिंह व रि0म0कां0 नेहा देवी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 100/26 धारा 137(2)/64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया तथा घटना में संलिप्त अभियुक्त शिवदानी अहिरवार पुत्र प्रागी अहिरवार निवासी ग्राम गल्हिया कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर को मदारन देवी मंदिर की तरफ जाने वाले तिराहे के पास थाना चरखारी जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

शिवदानी अहिरवार पुत्र प्रागी अहिरवार निवासी ग्राम गल्हिया कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

1.उ0नि0 हार्दिक सिंह

2.कां0 लोकेन्द्र प्रताप सिंह

3.रि0म0कां0 नेहा देवी



दिनांक- 12.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 352/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर- थाना कबरई

## थाना कबरई पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 11.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 गौरव चौबे मय हमराह म0कां0 प्रगति सिंह व रि0कां0 सूरज मौर्या के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 12/26 धारा 137(2)/64(1)/87 BNS व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त विनय यादव पुत्र जगमोहन उम्र 27 वर्ष निवासी धौहल बुजुर्ग थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर को नया प्राइवेट बस स्टैण्ड थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

विनय यादव पुत्र जगमोहन उम्र 27 वर्ष निवासी धौहल बुजुर्ग थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 श्री गौरव चौबे
2. म0कां0 प्रगति सिंह
3. रि0कां0 सूरज मौर्या



दिनांक- 12.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 353/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में सुचितापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु महोबा पुलिस द्वारा व्यापक रिहर्सल सम्पन्न...।

- आज दिनांक 12.07.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में रिहर्सल आयोजित की गई, जिसमें भर्ती प्रक्रिया के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु आवश्यक तैयारियों की समीक्षा भी की गई।
- इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री तेजप्रकाश द्वारा उपजिलाधिकारी सदर श्री धीरेन्द्र कुमार के साथ समन्वय स्थापित करते हुए होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत डीवी/पीएसटी ड्यूटी में नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण को उनके दायित्वों एवं कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।
- रिहर्सल के दौरान भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण का क्रमवार अभ्यास कराया गया, जिससे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों को भली-भांति समझ सकें तथा वास्तविक भर्ती के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि या असुविधा उत्पन्न न हो। साथ ही भर्ती प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।
- इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।
- क्षेत्राधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करें, जिससे भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराई जा सके।




